हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 42.3 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

12 अंबाला छावनी में नहीं आएगी बाढ़, बचाव के लिए बनेगी दीवार



12 बच्चों को मिलेगा समृद्ध लोक कला का प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी रोडू को गिरफ्तार किया है। सोहाना के गुलाब सिंह ने 24 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22/23 नवम्बर 2023 की रात्रि गांव सोहाना में आरोपी ने उसके ट्यूबवेल से तार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी सीआईए शहजादपुर को दी थी।

### सीएम फ्लाइंग ने रेड कर फर्जी डॉक्टर पकड़ा

**पानीपत।** मुख्यमंत्री उडन दस्ता करनाल व सीएमओ पानीपत द्वारा नियुक्त डॉक्टरों की संयुक्त टीम ने गणेश मेडिकोज, काबडी रोड का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं इस मेडिकल स्टोर का संचालक संदीप सैनी निवासी सौदापुर है। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर के अंदर दो लोग लेटे हुए थे और उन्हें गलुकोज चढाया जा रहा था। जांच में गणेश मेडिकोज का प्रोपराईटर संदीप सैनी उपरोक्त अवैध मेडिकल प्रेक्टिस बिना डाक्टर डिग्री के करता पाया गया।

### कैंटर चालक से मारपीट करने वाले तीन पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने उझा रोड पर एकता विहार कॉलोनी के पास रास्ता रोक कर कैंटर चालक अमित से मारपीट व कैंटर में तोड़फोड़ करने के तीन आरोपियों पारस व अनुज निवासी एकता विहार कॉलोनी व अरूण निवासी गांव निंबरी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में अमित निवासी गांव दीवाना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नाबालिग लड़के की शादी रुकवाई

**कुरुक्षेत्र।** नाबालिग लड़के के विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह निषेध अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवाया। विभाग द्वारा माता-पिता को समझाने के बाद परिजनों ने शपथ पत्र भरा और लड़के की शादी 21 वर्ष पूरे होने पर ही कराने की बात कही। विभाग को सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़के की शादी गांव बजीदपुर में की जा रही है। इस पर तुरंत गांव बजीदपुर में दस्तक दी और बाल विवाह होने से रुकवाया। शादी की रस्म शुरु होने से पहले ही टीम ने विवाह होने से रोका। टीम के अनुसार लड़की शादी की

### कुवि ने घोषित किए 9 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परीक्षा शाखा द्वारा 9 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमसीए प्रथम सेमेस्टर एनईपी, एमसीए तृतीय सेमेस्टर आईयूएमएस , बीएचएमसीटी (रि-अपीयर) सीबीसीएस 5वां सेमेस्टर, बीएचएमसीटी (रि-अपीयर) सीबीसीएस 7वां सेमेस्टर, बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर (रि-अपीयर) नॉन-सीबीसीएस, बी.एससी. तीसरा सेमेस्टर (रि-अपीयर) नॉन-सीबीसीएस, बी.वोक फूड साइंस क्वालिटी कंट्रोल पहला सेमेस्टर, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) तीसरा सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए है।

### ई रिक्शा पलटी, परिवार के तीन लोग घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी की अशोक विहार कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसका भाई रघुवीर ई रिक्शा चलाता है। वह अपनी पत्नी सुमन के साथ ई रिक्शा में अपने ससुराल डारपुर गए थे। वहां से शाम को जब वापस लौट रहे थे तो गांव कोट के पास तेज गति से आ रही कार ने उनकी ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा पलट गई। ई रिक्शा में सवार वह तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गए। राहगिरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।

---

### जांच कमेटी ने दोनों टेंडर को शिकायत में सही पाया, डीसी ने बनाई थी कमेटी

# शाहाबाद चीनी मिल में करोड़ों रुपये के टेंडर में अनियमितता का पर्दाफाश

**रिपेयर एंड मेंटेनेंस के टेंडर जबरन पास करवाना चाहता था मिल प्रशासन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- कमेटी ने डिप्टी चीफ कैमिस्ट के निलंबन को गलत ठहराया

वर्ष 2024 में शुगर मिल में रिपेयर एंड मेंटेनेंस के टेंडरों में अनियमितताएं पाए जाने पर शुगर मिल के डिप्टी चीफ कैमिस्ट विनीत कुमार को निलंबित कर दिया गया था तथा डिप्टी चीफ इंजीनियर मनीष कुमार को डैपूटेशन पर जींद भेज दिया गया था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान विनीत कुमार और मनीष कुमार ने बताया कि दोनों टैंडरों की टैक्रिकल बीड चैक करने पर हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए टैंडर की शर्तें/ मापदंडों पर इन्हें सही नहीं पाया और इनको नियमानुसार रिजैक्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि इन दोनों टैंडरों में काफी खामियां थी और मिल प्रशासन इसे जबरदस्ती पास करवाना चाहता था। मगर वह किसी दबाव में नहीं आए और इसका खामियाजा उन्हें निलंबन से भुगतना पड़ा।



**कुरुक्षेत्र।** शिकायत तथा फैसले की कापी दिखाते दोनों पीड़ित।

#### कर्मचारियों ने कमेटी के निर्णय का स्वागत किया

उन्होंने बताया कि इनमें से एक ईटीपी का टैंडर जो उन्होंने निरस्त कर दिया था, जो एल-2 अर्थात दूसरे नंबर का बोलीदाता था, जिसे मिल प्रशासन ने रिजैक्ट होने के बावजूद पहली बोलीदाता के रूप में कार्य करने का आदेश जारी किया।

संबंधित कर्मचारियों ने इस जांच के दौरान सभी तथ्यों को मध्यनजर जो निर्णय आया है, उसका कर्मचारियों ने स्वागत किया है और इसके लिए मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी तथा उपायुक्त कुरूक्षेत्र का आभार जताया है।

#### सीएम से शिकायत

पीड़ितों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, मिल की चेयरमैन उपायुक्त कुरूक्षेत्र, अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा राज्य सतर्कता विभाग तथा हरियाणा राज्य सी.आई.डी. विभाग को की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए मिल की चेयरमैन एवं उपायुक्त कुरूक्षेत्र ने इसके लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया गया, जिसमें शिकायतकर्ता की शिकायतों को सही पाया गया तथा डिप्टी चीफ कैमिस्ट के निलंबन को भी गलत ठहराया गया।

---

## पुलिस टीम पर हमला कर तीन आरोपियों को छुड़वाया

- आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रेड करने आई थी पुलिस टीम
- आर हमले के दौरान पुलिस कर्मियों को आईं चोटें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पिहोवा में रेड करने आई पुलिस की टीम पर लोगों ने महिलाओं के साथ मिलकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इन लोगों ने हमला कर पुलिस के साथ निशानदेही के लिए आए तीन आरोपियों को पुलिस की गिरफ्त से छुड़वाया। हालांकि पुलिस टीम ने 1 आरोपी को काबू कर लिया।

इस हमले में पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि वह अपने साथी पुलिस कर्मचारियों के साथ थाना चीका जिला कैथल से एवीटी स्टॉफ कैथल से डेरा संधु फार्म मोरथली में गिरफ्तार शुदा आरोपी सुनील निवासी रोहतक के साथ रेड करने आए थे जिसकी रपट थाना पिहोवा में अंकित करवाई थी। उनकी मदद के लिए पिहोवा से पुलिस कर्मचारी को साथ भेजा गया था। सभी कर्मचारी गिरफ्तार शुदा आरोपी सुनील के बताए पते अनुसार नामीत आरोपी बलविन्द्र पुत्र मोलु राम उपनाम बीरा निवासी मोरथली के घर के पास बुधवार सांय पहुंचे तो पहले गिरफ्तार शुदा आरोपी सुनील ने बताया कि बलिवंद्र खेतों की तरफ भाग गया है। सभी कर्मचारी आरोपी बलविन्द्र का पीछा करते हुए खेतों की तरफ भागे। पीछे से आरोपी बलविन्द्र के परिवार वाले भी हमारा पीछा करते हुए खेतों में आ गए।

#### पहले भी की मारपीट

पुलिस टीम ने काफी दूर तक दौड़ने के बाद आरोपी बलविन्द्र को काबू किया। इतनी देर में आरोपी बलविन्द्र के परिवार वाले हमारे बीच में आ गए और आरोपी बलविन्द्र को छुड़ाने की कोशिश करने लगे। औरतों ने काबू किए गए रिंकू पुत्र मोलु उपनाम बीरा व काकु शोरगिर व मोलु उपनाम बीरा को भगा दिया। इस डेरा के लोगों ने पहले भी रेड के दौरान पुलिस के साथ मारपीट की थी जिसके सम्बंध में पहले भी मुकदमा दर्ज है।

---

## जमीन अच्छे दामों में बेचने का झांसा देकर महिला से हड़पे 40 लाख रुपये

- जमीन की गिरदावरी ठीक करवाने के नाम पर की ठगी
- आरोपियों ने न गिरदावरी ठीक करवाई और न जमीन बिकवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जमीन की गिरदावरी ठीक करवाकर अच्छे दामों में बेचने का झांसा देकर गांव सारन निवासी रोशनी देवी से 40 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप गांव सारन निवासी देशराज, सेक्टर-17 जगाधरी निवासी रोहित मंगला, छप्पर निवासी बलबीर, नीरज, गांव सबलपुर निवासी अमित कुमार, गुरमीत, जीत, सरस्वती नगर निवासी पवन कुमार, थाना छप्पर में टाइल मिस्त्री अंजूमन असांरी व दोसड़ा निवासी खालसा दीप दुकानदार पर लगाा है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव सारन निवासी रोशनी देवी ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी गांव कलावड़ में चार कनाल आठ मरले जमीन है। एक दिन उनके गांव का ही देशराज अपने साथ रोहित मंगला, बलबीर, नीरज, अमित कुमार, गुरमीत, जीत व पवन कुमार को लेकर आया। आरोपी ने उसे कहा कि यह भी बड़े अधिकारी हैं। उसकी जो कलावड़ में भूमि है। उसकी गिरदावरी ठीक करवाकर उसे अच्छे दामों में बेच देंगे। रोशनी ने बताया कि वह आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने उनकी जमीन को करीब एक करोड़ रुपये में बिकवाने की बात कही। इसके बाद आरोपियों ने उसे कहा कि जमीन की गिरदावरी ठीक करवाने के लिए पैसों की जरूरत पड़ेगी। इसलिए शुरू में उन्हें कुछ पैसे चाहिए। रोशनी देवी ने बताया कि उसने आरोपियों को पांच लाख रुपये दे दिए। कुछ दिन बाद आरोपी फिर से उसके पास आए। आरोपियों ने फिर से उससे और पैसे मांगे। उसने आरोपियों को फिर से साढ़े सात लाख रुपये दे दिए। इस प्रकार आरोपी कुछ दिन बाद फिर आते और पैसे लेकर चले जाते।

#### दस लोगों पर केस

आरोपियों ने जमीन की गिरदावरी ठीक करवाने के नाम पर उससे करीब 40 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने न तो जमीन की गिरदावरी ठीक करवाई और न ही जमीन बिकवाई। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

### बच्ची के हत्यारोपी पर 25 हजार का इनाम

**पानीपत।** पानीपत में करीब दो माह पहले 10 साल की नाबालिग लड़की की अपहरण कर हत्या करने के आरोपी संदीप की सूचना देने वाले को पुलिस की ओर से 25 हजार का इनाम दिया जाएगा। आरोपी वारदात के बाद से ही पुलिस गिरफ्त से बाहर है। मामले में पुलिस के हाथ अभी भी खाली है। पुलिस ने परिजनों को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बारे में भी स्पष्टता पूर्वक नहीं बताया है। आरोपी संदीप की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन और समाजसेवी एसपी दरबार पहुंचे थे। जहां उन्होंने एसपी रीडर और डीएसपी हेडक्वार्टर से मुलाकात की। सात दिनों में गिरफ्तारी न होने पर जिला सचिवालय में अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर, किला थाना प्रभारी एसआई श्रीनिवास ने कहा कि आरोपी संदीप को पकड़ने के लिए थाना पुलिस के अलावा सीआईए-थ्री पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपी की सूचना देने वाले को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

---

## मंडी में फायरिंग करने के चार आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल भी बरामद

- कोर्ट में पेश कर चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

नारायणगढ़ अनाजमंडी के पास हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने सहारनपुर के सरसावा वासी आरोपी युवराज व जोनी को गिरफ्तार किया है। रिमांड के दौरान आरोपियों ने बतलाया कि वारदात में आरोपी कार्तिक कुमार वासी गांव बींदपुर सहारनपुर व सहारनपुर के मोहल्ला कोटला का अवनीश भी शामिल है।

मामले में हवाई फायर आरोपी युवराज व अंकुश ने किए थे। सीआईए-1 की पुलिस टीम ने आरोपी कार्तिक व अवनीश को भी गिरफ्तार 1 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की गई है। न्यायालय के आदेशानुसार चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी अंकुश ने पुलिस पर फायर किए थे जो जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी थी।

आरोपी अभी अस्पताल में उपचाराधीन है। जल्द ही आरोपी अंकुश को भी मामले में गिरफ्तार किया जाएगा। शिकायतकर्ता नरेश कुमार ने 1 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सुबह के लगभग 4.30 बजे हथियार से फायरिंग कर सब्जी मंडी में डर का माहौल पैदा किया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।




**अंबााल।** पुलिस द्वारा पकड़े गए चारों आरोपी।

---

### लापता बुजुर्ग का शव ज्योतिसर हेड से मिला

- मानसिक रूप से बीमार था बुजुर्ग

**अंबाला।** अद्दोमाजरा गांव से लापता हुए बुजुर्ग का शव कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर हेड से बरामद हुआ है। सूचना पाकर गोताखोर प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर पुलिस को सौंप दिया। गोताखोर प्रगट सिंह के मुताबिक सुबह उन्हें सूचना मिली कि नहर में किसी शख्स का शव देखा गया है। वे मौके पर पहुंचे और शव की तलाश शुरू कर दी। ज्योतिसर हेड के पास उन्हें शव मिल गया। शुरुआती जांच के बाद शव की पहचान बलदेव सिंह (78) के तौर पर हुई जोकि यहां के अद्दोमजारा का रहने वाला था। बलदेव सिंह पिछले 5 दिन से लापता थे। उनका परिवार लगातार उनके संपर्क में था। परिजनों के मुताबिक, बलदेव सिंह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। अक्सर बिना कुछ बताए घर से निकल जाते थे। वे करीब 1 साल से राजस्थान में रह रहे थे। कुछ दिन पहले ही घर लौटे थे। मानसिक परेशानी के चलते अचानक घर से चले जाया करते थे। पिछले 5 दिन से परिजन उनकी तलाश कर रहे थे।

---

### फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर कोर्ट को किया गुमराह

- आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी नरेंद्र सिंह ने अदालत और पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। यह खुलासा तब हुआ जब सह आरोपी अरविंद सिंह उर्फ लोड़न ने अदालत में शपथपूर्वक बयान दिया कि नरेंद्र सिंह जीवित है। उसने मुकदमे से बचने के लिए झूठा प्रमाण पत्र बनवाया। इसके बाद अदालत ने नरेंद्र की जमानत रद्द कर दी। उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। कई बार वारंट जारी होने के बावजूद वह अब तक फरार है। जानकारी के अनुसार आरोपी नरेंद्र सिंह पर एनडीपीएस एक्ट के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी ने अदालत और पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। जब सह आरोपी अरविंद सिंह उर्फ लोड़न ने अदालत में शपथपूर्वक बयान दिया कि नरेंद्र सिंह जीवित है। इसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी और जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार ने अदालत में बताया कि प्रमाण पत्र झूठी जानकारी पर तैयार हुआ था। बाद में उसे रद्द कर दिया गया। इस मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशविंद्र पाल सिंह की अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए नरेंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, झूठे दस्तावेज बनाना, फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल, लोक दस्तावेज में कूटरचना और षड्यंत्र की धाराओं में केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जांच अधिकारी एसआई लाभ सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

### प्रदूषित पानी ड्रेन में डालने जा रहे दो टैंकर पकड़े

- सीएम फ्लाइंग व प्रदूषण विभाग की टीम ने फैक्टरी पर दबिश दी

**पानीपत।** गांव कुराड़ में औद्योगिक इकाइयों के मालिकों द्वारा केमिकल युक्त पानी ड्रेन में डलवाए जाने पर सीएम फ्लाइंग ने एक्शन लिया है। बुधवार की रात को पानीपत व करनाल की संयुक्त सीएम फ्लाइंग टीम ने प्रदूषण विभाग और पुलिस टीम के साथ गांव जलालपुर के पास बुल इंडिया नाटे फैब फैक्ट्री में चेकिंग की। चेकिंग के समय करीब समय नौ बजे रात उक्त फैक्टरी से एक ट्रैक्टर-टैंकर बाहर निकला। जिसे कुछ दूरी पर जलालपुर की तरफ रोककर चेक किया गया। टैंकर में लाल डाई युक्त पानी भरा मिला। पूछताछ में ड्राइवर ने अपनी पहचान राहुल निवासी हुसनपुर कलां, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया। राहुल ने बताया कि वह रोजाना बुल इंडिया नाटे फैब से डाई युक्त लाल पानी भर कर छाजपुर के साथ नाला में डाल देता है। टीम द्वारा फैक्ट्री में प्लॉट के पास खड़े टैक्टर-ट्रैंकर को चेक किया गया। जिसमें भी केमिकल युक्त पानी भरा मिला। वहीं जांच में विकास गुप्ता निवासी अंसल सुशांत सिटी, पानीपत मिला। जिसने बताया कि यह फैक्ट्री अंकित गर्ग निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व सतप्रकाश निवासी अंसल पानीपत की पार्टनरशिप में है। दोनों ट्रैक्टरों से टीम ने केमिकल युक्त पानी का सैंपल लिया। फैक्ट्री मालिकों को आज शोकॉज नोटिस दिया जाएगा।

---

### पानीपत शहर में तिरंगा यात्रा के दौरान उमड़ा जनसैलाब

# भारतीय सेना के अद्भुत पराक्रम को किया नमन

- ऑपरेशन सिंदूर पर प्रत्येक देशवासी को गर्व : भड़ाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

नगर में तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ जिला सचिवालय के शहीद स्मारक से विधिवत रूप से हुआ। तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों और देश भक्ति गीतों से पानीपत शहर गूंज उठा।

इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, गजेन्द्र सलूजा, पूर्व सांसद संजय भाटिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, पंडित वेद पाराशर, हरि ओम तायल, रमेश माटा, अशोक आर्य, कृष्ण रेवड़ी, नवीन भाटिया, नेहा शर्मा, पार्षद कुसुम भट्ट, डॉ. हेमा रमन, इंदु कुकरेजा, राहुल विज, शशि कपूर, शेरू उस्ताद, डॉ. गौरव, मुकेश, सुनील तुली, विजय सहगल, चांद भाटिया, कृष्ण छोक्कर, रोशनलाल माहला, ओम दत्त आर्य, मयंक भट्ट, राजेन्द्र शर्मा, सुनील सोनी सहित सभी पार्षदों समेत बड़ी संख्या में आम से लेकर खास तक ने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। इधर, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और भारत सरकार की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है।



**पानीपत।** तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब।

#### भारतीय सेना के अदम्य साहस की प्रशंसा की

पूर्व सांसद संजय भाटिया ने भी इस अवसर पर भारतीय सेना के अदम्य साहस की प्रशंसा की। इधर, जीटी रोड पर पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज के कार्यालय के समक्ष तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर हमारे स्वाभिमान, शौर्य और नए भारत का संकल्प है।

वहीं, वंदेमातरम चौक (संजय चौक) पर पहुंचने पर शहर के सभी समाजसेवी संस्थाओं और धार्मिक संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम पर हर भारतीय को गर्व है। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा को आम जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद का संदेश देने में सफल हुई है।

#### काबिल ए तारीफ

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया वह काबिल ए तारीफ है। समस्त हरियाणा में यह यात्रा निकाल कर सेना के पराक्रम को प्रणाम किया जा रहा है।

---

### हत्या मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

## मामूली कहासुनी पर दोस्तों ने की थी संदीप की हत्या

- फोन कर युवक को पार्क के पास बुलाने वाला नहीं था मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के नेतृत्व में थाना सदर थानेसर की टीम ने संदीप हत्या मामले के आरोपी बजिन्द्र सिंह व राहुल अरोड़ा वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

13 मई को पुलिस शिकायत में प्रदीप कुमार वासी किशनपुरा ने बताया कि 12 मई की शाम को छोटे भाई संदीप को घर से कमलजीत सिंह बुलाकर अपने साथ लेकर गया था। कुछ समय बाद जब उसने अपने भाई को फोन किया तो किसी अनजान व्यक्ति ने फोन उठाया और उसको बताया कि उसके भाई को काफी चोटे लगी हैं। जिसको हस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस टीम ने हत्या मामले के आरोपी बजिन्द्र सिंह व राहुल अरोड़ा वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

#### पार्क के पास थे आरोपी

थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि घटना के दिन एक लड़के ने मृतक युवक को फोन करके देवी लाल पार्क के पास बुलाया था। जब युवक पार्क के पास पहुंचा तो फोन करने वाला लड़का वहां नहीं मिला तथा आरोपी वहां पर मौजूद थे। आरोपियों की युवक के साथ मामूली कहासुनी हुई थी जिसके बाद आरोपियों ने चाकू और लोहे की रॉड से संदीप की हत्या कर दी।

खबर संक्षेप



## अपोलो स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**तरावड़ी।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, दादूपुर खुर्द का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । मंगलवार को सीबीएसई सत्र 2024 -2025 कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ी। अपोलो स्कूल का परीक्षा फल 100त्न रहा जिसमें कक्षा 12वीं से रोबिन ने कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त प्राप्त किया तथा भूदेव ने नॉन मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा दसवीं से अंशिका ने 97त्न से प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## योग कक्षा के 9 साल पूरे होने पर दी बधाई

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत कृष्ण कृपा धाम सेक्टर 9 योग कक्षा के आठ वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन सत्र के लिए अटल पार्क में संचालित यह योग कक्षा पिछले आठ वर्षों से निर्विघ्न रूप से चलाई जा रही है । दिनेश गुलाटी ने कक्षा के शिक्षकों राजिंदर पपनेजा,शिवानी और साधकों को कक्षा की सालगिरह पर शुभकामनाएं दी।

## आईटीआई में मनाया गया प्रौद्योगिकी दिवस

**करनाल।** बाबू मूल चंद जैन आई टी आई में वीरवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दिवस सरकार की हिदायतों के अनुसार मनाया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के ऊपर प्रोजेक्ट, कॉम्पिटिशन करवाया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जजों के द्वारा दिए गए । शुगर मिल करनाल के अधीक्षक अभियंता भजन लाल कंबोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का विशेष आयोजन

# ऑपरेशन सिंदूर विजय दिवस पर शहीदों एवं सेनाओं के शौर्य को किया सलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में ऑपरेशन सिंदूर विजय दिवस मनाया गया जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेनाओं के शौर्य को सलाम किया गया और ऑपरेशन में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पहलगाम में शहीद हुए बेगुनाह हिन्दुस्तानियों को श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट शहीद विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल एवं बहन सृष्टि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा विनय नरवाल के परिवार को तिरंगा वस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई एवं सेनाओं के शौर्य को सलाम किया गया। सुरेन्द्र मोहन गाबा ने वतन पर जो फिदा होगा ओर ए मेरे वतन के लोगों, अवतार तारी ने कर चले हम फिदा, कीर्ति मान ने हर कर्म अपना करेंगे,राजीव गोयल ने संदेशे आते हैं गीत प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल में देश सबसे पहले का संदेश दिया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों के ठिकाने नष्ट किए गए जिसमें देश के सेनाओं को विजय प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में शहीद हुए हिंदुस्तानियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। सबके लिए देश पहले होना चाहिए।



शहीदों को श्रद्धांजलि देते एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन शर्मा, अजीत राही, गुंजन भटनागर, प्रियंका, रेनू, सुमित ललित इंस्पेक्टर सतपाल, डॉ नरेंद्र सिंह, जोगेंद्र ढुल, सतीश मल्होत्रा, आशीष मलिक, एन डी गोयल, रणजीत गिल, अशोक बजाज, सुदर्शन कंसल, खुर्शीद आलम, नितिन गोयल, हीरा लाल, सुभाष शर्मा, कर्म सिंह लांगयान, शशि शर्मा, प्रदीप त्यागी, राज आर्य, सुषमा रविन्द्र पंवार, राजेंद्र ग्रेवाल, सावी चौधरी, सरिता गोयल आदि उपस्थित रहे।



शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा को सफल बनाने पर मंथन करते भाजपाई।

## शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा को सफल बनाने पर मंथन

**करनाल।** शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा " में सभी समाज,वर्ग, सम्प्रदाय की भागीदारी हेतु तथा राजनीतिक दलों,सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से मिलकर सभी को आमंत्रित करने हेतु आज कांग्रेसी वरिष्ठ नेत्री पूर्व विधायक सुमिता सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज वधवा को आमंत्रित किया। इस यात्रा में करनाल के सांसद एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल जिला में होने वाली इस यात्रा की शुरुआत 16 मई को वार्ड स्तर पर की जाएगी और यह यात्रा गैर राजनीतिक होगी और सभी कार्यकर्ताओं एवं सभी सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों के लोग लोगों की इसमें भागीदारी होगी। उन्होंने बताया की करनाल की सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं अपने अपने इलाके से शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा निकालकर करनाल के रामलीला ग्राउंड में शाम 5 बजे एकत्रित होंगी जहां पर तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह यात्रा सेना,वायु सेना और नौसेना के अद्वितीस पराक्रम के सम्मान में आयोजित की जा रही है और इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा देशवासियों को सेना के अदृश्य बलिदान और परिश्रम के बारे में बताएगी।



## डीएवी कॉलेज में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन, में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में निरमल फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स, करनाल से गौतम जी के नेतृत्व में प्रवीन द्वारा अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन व प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा उपायों, निकासी प्रक्रिया एवं अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित प्रयोग की जानकारी देना था। कॉलेज की प्राचार्या मीनू शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को सतर्क व जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों में डॉ. मंजू सिंह, डॉ. सुषमा ठाकुर, डॉ. संगीता गोरांग, डॉ. अनुराधा नागिया, डॉ. अंजू नरवाल, डॉ. कंवलजीत विरदी, डॉ. नादिया चौहान आदि रहे।



## भव्य रूप से मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**करनाल।** गत 9 मई को गांव सालवन में आयोजित होने वाला राज्य स्तरीय वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती समारोह भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न हुए तनाव के कारण हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के चलते स्थगित कर दिया गया था। इस अवसर पर विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि जब राष्ट्र पर संकट हो, तब हर नागरिक की प्राथमिकता देशहित में खड़ा होना होती है। हरियाणा सरकार की एडवाइजरी का पालन करते हुए यह समारोह स्थगित किया गया, क्योंकि उस समय पूरा देश हमारी भारतीय सेना के साथ खड़ा था और नियमों का पालन करना हमारी जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि अब परिस्थितियाँ सामान्य हो चुकी हैं, इसलिए यह समारोह अब 29 मई 2025 को गांव सालवन में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत करेंगे।




तरावड़ी। स्कूल स्टाफ के साथ मॉडल संस्कृति स्कूल के बच्चें। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**तरावड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल तरावड़ी में शत प्रतिशत परिणाम आने से खुशी का माहौल छाया हुआ है। दिन भर बच्चों व अभिभावकों का आना-जाना लगा रहा। सत्र 2024 25 में स्कूल का दसवीं कक्षा एवं 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने इस अवसर पर बच्चों को आशीर्वाद देकर वह मुंह मीठा करवा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही सभी प्राध्यापकों को उनके शत प्रतिशत परिणाम के लिए बधाई दी। 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय व नॉन मेडिकल में शुभांगी शर्मा 93.02 प्रतिशत प्रथम, तनीषा 90.04 प्रतिशत द्वितीय एवं हर्षित 88. 8 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में निर्भय मिडडा, 90.0 2 प्रतिशत, प्रथम केशव गोयल 90 प्रतिशत द्वितीय एवं हरजोत कौर 87 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में गुरशरण सिंह 88 04 प्रतिशत प्रथम, कौशल 84.04 प्रतिशत द्वितीय नुपुर 82.8 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। दसवीं कक्षा में हिमांशी 93.6 प्रतिशत प्रथम, सिमरन 89 प्रतिशत द्वितीय एवं कृष्ण गोयल 82.08 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। 12वीं कक्षा में मेडिकल संकाय में कल्पना 82. 6 प्रतिशत प्रथम, सानिया 81.2 प्रतिशत द्वितीय एवं तन्वी 79.8 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। स्कूल ऑल ओवर टॉपर शुभांशी शर्मा 93.2 प्रतिशत नॉन मेडिकल टॉपर रहा।

# शहर में 2. 54 करोड़ से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास

- विकास कार्यों में नहीं रहने दी जाएगी कोई कमी, जनता के पैसों का किया जा रहा सदुपयोग: विधायक
- शहर का विकास हमारी प्राथमिकता, नागरिकों की डीमांड को किया जा रहा पूरा: मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने वीरवार को संयुक्त रूप से वार्ड नम्बर-3,7,12,19 और वार्ड नम्बर-20 में करीब 2 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से होनें वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नही छोड़ी जाएगी तथा करनाल के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। करनाल नगर निगम में विकास के लिए 400 करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य करवाएं जा रहें है और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ मिल सके इस पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का सही इस्तेमाल हो और करनाल स्वच्छ और सुंदर दिखे तथा विकास कार्यो की रैंकिंग में नम्बर वन रहें, इस का पूरा ध्यान रखा जा रहा है तथा लगातार कार्य किया जा रहा है। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता ने उन्हें जन-सेवक के रूप में चुना है, इसलिए जनता के प्रति जवाबदेही उनकी है। जनता के विश्वास से तीसरी बार भाजपा की सरकार प्रदेश में बनी है और ट्रिपल इंजन की सरकार इस समय प्रदेश में काम कर रही है।



### शिलान्यास के अवसर पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वार्ड न0-12 के पार्षद मोनिक गर्ग, वार्ड न0-3 के पार्षद परमजीत सिंह लाठर,वार्ड न0-4 के पार्षद भूपेंद्र नौतना, वार्ड न0-20 के पार्षद सुधीर यादव, वार्ड न0-19 के पार्षद राजेश अग्धी, वार्ड न0-7 के पार्षद जोगेंद्र शर्मा, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण व मोनिका शर्मा, सहायक अभियंता मदन मोहन गर्ग, विवेक बेनीवाल व मनजीत सिंह, कनिष्ठ अभियंता रवि कुमार, राज कुमार व सोहन सिंह तथा मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, मोहित सचदेवा आदि रहे।

### इन विकास कार्यो का हुआ शिलान्यास

1. वार्ड न0-3 में आईपीबी और स्ट्रॉम वाटर लाईन बिछानें के कार्य का शुभारंभ किया गया, इस पर करीब 63 लाख 64 हजार रुपये की लागत आएगी।
2. वार्ड न0-12 में स्ट्रीट वेंडींग जौन, आधुनिक शौचालयों और विभिन्न सडक़ों का सुदृढ़ीकरण के कार्य का शुभारंभ किया गया, इस पर करीब 94 लाख रुपये की लागत आएगी।
3. वार्ड न0-19 में पुरानी पाईप लाईन, नाला, मेंन होल, आधुनिक शौचालयों, सडक़ों का सुदृढ़ीकरण के कार्य का शुभारंभ किया गया, इस पर करीब 65 लाख 53 हजार रुपये की लागत आएगी।
4. वार्ड न0-7 में रणवीर हुड्डा पार्क में आधुनिक शौचालयों का शुभारंभ किया गया, इस पर करीब 15 लाख 18 हजार रुपये की लागत आएगी।
5. वार्ड न0-20 में डब्ल्यू जेसी पार्क में आधुनिक शौचालयों का शुभारंभ किया गया, इस पर करीब 15 लाख 53 हजार रुपये की लागत आएगी।



## 10वीं व 12वीं की मेरिट में आई छात्राओं का सम्मान

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद एवं महापौर रेनू बाला गुप्ता ने गुरूवार को रेलवे रोड़ स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठा माध्यमिक विद्यालय में 10वीं व 12वीं कक्षा के परिणामों में मेरिट आई 34 छात्राओं को मेडल, पेन सेट व जमैट्री बॉक्स देकर सम्मानित किया। इनमें 10वीं कक्षा के 12 तथा 12वीं कक्षा के 22 छात्राएं शामिल रही। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, वार्ड 8 के पार्षद संकल्प भंडारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य महिन्द्र सिंह, अध्यापक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने मेरिट आए विद्यार्थियों व अध्यापकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते कहा कि बच्चे हमारे भविष्य का नींव है, नींव जितनी मजबूत होगी, हमारे देश की जड़ें उतनी ही गहरी और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और माता-पिता व शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जब गरीब व सामान्य परिवारों के बच्चे आगे बढ़ते हैं, तो उनका मन काफी प्रसन्न होता है। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता ने श्रेष्ठा अंक हासिल करने वाली छात्राओं, उनके अभिभावकों व स्कूली स्टाफ को बधाई दी।

# घायल व्यक्ति के जीवन को तब तक बचाए रखना जब तक पूर्ण उपचार उपलब्ध न हो जाए: डॉ नीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में प्राचार्या कमलेश रानी के कुशल दिशा निर्देशन व प्राथमिक प्रशिक्षण कमेटी की संयोजिका डॉ मीनू आनंद के नेतृत्व में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में फर्स्ट एड ट्रेनर , सेंट जॉन एम्बुलेंस, रेडक्रॉस करनाल से डॉक्टर नीना ने महाविद्यालय की छात्राओं और शिक्षक गण को प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित प्रशिक्षण दिया।डॉ मीनू आनंद ने मुख्य वक्ता के महाविद्यालय पहुंचने पर समस्त महाविद्यालय परिवार की तरफ से उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर नीना ने प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य किसी घायल या बीमार व्यक्ति के जीवन को तब तक बचाए रखना है जब तक कि पूर्ण चिकित्सा सहायता उपलब्ध न हो जाए। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य वक्ता ने विभिन्न प्रकार की परिस्थितियां जैसे सड़क पर घायल व्यक्ति, किसी को चोट लगने पर रक्त स्राव की स्थिति, बेहोश होने पर या किसी व्यक्ति के अस्थि भंग होने पर दुर्घटना स्थल पर प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से बताया व प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करते हुए स्वयं की सुरक्षा ,घायल की सुरक्षा और भीड़ इन बातों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सीपीआर और रिकवरी स्थिति के बारे में भी छात्राओं को बताया।




### प्राचार्या ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया

प्राचार्या कमलेश रानी ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया तथा छात्राओं को बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां उनके बाहरी और आंतरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। अतः सभी छात्राओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। शिविर का समापन ओउम के उच्चारण के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।



करनाल। धरने पर किसान मसीहा स्व चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली देते हुए भाकियू पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई

**करनाल।** निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड़ पर इंटर चेंज मार्ग बनाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन(भाकियू) के तत्वाधान में चल रहा धरना दूसरे दिन में प्रवेश कर गया है। सुहाना गांव के समीप चल रहे धरने की अध्यक्षता भाकियू उत्तरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान व चेयरमैन यशपाल राणा ने की। आंदोलनरत ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। धरने पर उपस्थित भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसान आंदोलन के प्रणेता स्व चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई। किसान मसीहा स्व चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभिनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश सगंठन मंत्री शाम सिंह मान, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, किसान नेता सुरेंद्र सागवान, बाबूराम डाबरथला, महासचिव राजेंद्र राणा, कार्यालय सचिव राजकुमार नोतना सहित कई किसान नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत ने आजीवन किसानों और कमेरे वर्ग के हितों, अधिकारों और सम्मान के लिए अडिग संघर्ष किया। इस अवसर पर वेदपाल सागवान, देवेंद्र सागवान, चांदवीर बदरान, बबलू सुहाना, यशपाल शर्मा, बनवारी लाल, राजकुमार शर्मा, जसमेर बदरान, सतबीर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हवन और रक्तदान के साथ मनाया स्वामी ज्ञानानंद का जन्म दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर श्री कृष्ण कृपा धाम सेक्टर नौ में हवन यज्ञ और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 51 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रमों के दौरान मेयर रेणु बाला गुप्ता और श्री कृष्ण कृपा परिवार के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे। सुबह हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर श्रद्धालुओं ने स्वामी ज्ञानानंद जी की दीर्घायु की कामना की। साथ ही गीता पाठ करने और गायों की सेवा व सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। इसके बाद रक्तदान शिविर की शुरूआत हुई। स्वेच्छा से 51 लोगों ने रक्तदान किया। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। पारूल बाली ने बताया कि श्री कृष्ण कृपा परिवार की ओर से स्वामी ज्ञानानंद जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न सामाजिक और धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी ने देश दुनिया को गीता का ज्ञान दिया है। गीता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है। स्वामी जी के सानिध्य में लाखों लोग गीता के प्रचार प्रसार के लिए कार्य कर रहे हैं। स्वामी जी के संदेश को जीवन में अपना कर लाखों लोगों ने अपने जीवन को सफलता की राह पर अग्रसर किया है। इस अवसर पर विष्णुकांत शास्त्री, राज गोयल, बृज गुप्ता, श्याम अरोड़ा, मुलखराज, बलबीर लाठर, चंद्रदीप मदान, नवीन बत्तरा आदि रहे।



### एसएमएस स्कूल के बच्चों को अलंकरण समारोह में मिली जिम्मेदारी

# विद्यार्थियों को पढ़ाया गया कर्तव्यनिष्ठा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

एसएमएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट के सभी छात्र-छात्राओं को उनके हाउसों, खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति कर्तव्यों से अवगत कराते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण ग्रेवाल और प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया । अक्षय को स्कूल हेड ब्वॉय तथा जैस्मीन को स्कूल हेड गर्ल का पदभार देकर उन्हें पदनाम चिन्ह व पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों में इन कप्तानों की अहम भूमिका है। विद्यार्थियों को चार सदनों में बांटा गया है। हिमालय सदन, अरावली सदन, नीलगिरी सदन व शिवालिक सदन। प्रत्येक सदन के सदनाध्यक्ष तथा सह सदनाध्यक्ष के रूप में अध्यापक होते हैं जिन के निर्देशन में विद्यार्थी कार्य करते हैं। इन्हीं सदनों में से चयनित विद्यार्थी छात्र परिषद के सदस्य तथा कप्तान होते हैं। कप्तानों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने कहा कि कप्तान विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए बनाए गए हैं। आगे चलकर ऐसे विद्यार्थी ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अप्रतिम नेतृत्व क्षमता से संपन्न होते हैं यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें छात्रों को नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए जिम्मेदारी दी जाती है. यह समारोह छात्रों को स्कूल समुदाय में सक्रिय रूप से शामिल होने, नेतृत्व कौशल विकसित करने और जिम्मेदारी की भावना के साथ अपनी भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है. समारोह का समापन स्कूल गीत के साथ हुआ।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते एसएमएस स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्रबंधक सरदार गुरशरण ने दी शुभकामनाएं

विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण ग्रेवाल ने सभी चयनित छात्र परिषद को बहुत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा, दायित्व बोध, दूसरों के प्रति सम्मान, देश व संविधान के प्रति अप्रतिम श्रद्धा इन गुणों के विकास के लिए ही विद्यार्थी परिषद का निर्माण किया गया है। ये बच्चे ही एक दिन देश के सच्चे और अच्छे नागरिक बनकर देश का गौरव बढ़ाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने एक नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 1 किलो 404 ग्राम गांजा तस्करी में मामले में आरोपी सप्लायर जुगनू उर्फ विक्की निवासी वार्ड 16 को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी में पकडे गए सोनल सिंह मूल निवासी सरेया बसंत छपरा बिहार हाल किराएदार गंगापुरी रोड, पानीपत को गांजा की बिक्री की थी।

### दो युवको को पीटा मामले की जांच शुरू

**पानीपत।** पानीपत के गांव नवादा आर निवासी सुनील पुत्र बलबीर व राजेश पुत्र धीरा को मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं सुनील की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर, थाना सनौली खुर्द पुलिस ने मारपीट के इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खेत से बिजली का तार चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव वेसर निवासी किसान वेद प्रकाश पालीवाल के खेत में स्थित बिजली की 11 केवी लाइन से चोरों ने साढ़े तीन सौ मीटर तार काटकर चोरी कर लिए। इस लाइन पर 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था। चोरी हुए तार की कीमत करीब तीस हजार रुपये है। इधर, बिजली निगम की विभागीय जांच के बाद जेई रोहित ने थाना मतलौडा में अज्ञात चोरों के खिलाफ तार चोरी के आरोप में केस दर्ज करवाया है।

### किसानों से बिजली की दो मोटर चोरी

**इसराना।** थाना इसराना क्षेत्र के गांव बुआना लाखु के दो किसानों की ट्यूबवेल पर लगी बिजली चलित मोटरें चोरी हो गईं। जयवीर सिंह और जयदीप के चिढ़ाना रोड स्थित खेतों से बीती रात चोरों ने पांच एचपी की एक-एक मोटर चुरा ली। दोनों पीड़ित किसानों ने थाना इसराना में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गांव अदियाना से युवती लापता, केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव अदियाना से एक युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, लडकी की मां की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने लडकी की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल में पीले रंग का उत्सव मनाया

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में पीले रंग का उत्सव मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में हर तरफ पीला रंग बिखरा हुआ था। सभी बच्चे पीले रंग के सुंदर वस्त्र पहनकर विद्यालय आए। उनके हाथों में पीले रंग की विभिन्न वास्तविक वस्तुएं और खिलौने भी थे, जो इस रंग के प्रति उनके आकर्षण और समझ को दर्शा रहे थे। वहीं स्कूल के मैनेजर सुभाष जैन ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 19 को

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार सोमवार 19 मई को दोपहर बाद 2 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने दी।

### मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजाखेड़ी में प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान ने सीबीएसई बोर्ड के 10वीं व 12वीं में उत्तीर्ण हुए बच्चों को सम्मानित करते हुए बताया कि जिन बच्चों ने मेरिट हासिल की है और 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लिए हैं उन सभी के अभिभावकों को बुलाकर बच्चों एवं उनके माता व पिता को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जीवन में पढ़ाई का बहुत ज्यादा महत्व है।

## ढांडा को पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया

# भारतीय सेना पर हर देशवासी को गर्व: ढांडा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का वीरवार को अंसल सुशांत सिटी स्थित ला रेजेनसिया में भाजपा के युवा नेता एवं श्री राम सेवा दल के सचिव गौरव छौक्करा के निवास पर नागरिक अभिनंदन किया गया। यहां पहुंचने छौक्करा परिवार द्वारा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि पानीपत ग्रामीण हलका मेरा परिवार है। मेरा परिवार ही मेरी ताकत है। इन्हीं की बदौलत आज मैं प्रदेश में शिक्षा मंत्री हूं। उन्होंने कहा कि पानीपत ग्रामीण हल्के की जनता उनके ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखेगी तो वह उनके नाम को और अधिक ऊंचा करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने जहां पाकिस्तान की कमर तोड़ी है, वहीं दुनिया में भारत की सेना का भी डंका बजा है।

इसलिए भारतीय सेना के शौर्य की जितनी भी तारीफ की जाए उतनी कम है। इस अवसर पर भीम सचदेवा, हरबंस लाल आनंद, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, लोकेश नांगरू, पार्षद अनीता परुथी, पार्षद अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापत, मंत्री के निजी सचिव गुलाब पांचाल हरीश अरोड़ा, सुनील थम्मन, पंकज छौक्करा, बिजेंद्र पांचाल, सौरव छौक्करा, तिलकराज छौक्करा, पुनीत छौक्करा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



**पानीपत।** अंसल में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते गौरव छौक्करा आदि।

## पाक खुफिया एजेंसी को सूचना देता था नौमान

**पानीपत।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोपी नौमान इलाही मूल निवासी कैराना उत्तर प्रदेश, पाकिस्तान में आईएसआई के हैंडलर इकबाल उर्फ काना के लिए मुखबिरी कर रहा था। नौमान, इकबाल को वीडियो बनाकर भेजता था। अभी तक की पुलिस जांच में पता चला है कि नौमान ने इकबाल को हरियाणा और पंजाब के कई संवेदनशील जगहों की जानकारी भेजी है। स्मरणीय है कि इकबाल उर्फ काना भी कैराना का निवासी है और वह करीब दो दशक पहले पाकिस्तान भाग गया था। इधर, पानीपत में निवास कर रही नौमान की बहन जीतन ने बताया कि वह फैक्टरी में चौकीदारी करता था और अपने कपड़े धुलवाने के लिए उसे पास आता था। नौमान रात को आता था, सुबह चला जाता था। वह पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है इसकी उन्हें व उनके परिवार को जानकारी नहीं थी। जीजा इरफान ने कहा कि नौमान अविवाहित है और हर समय मोबाइल फोन पर लगा रहता था। उन्होंने ही उसे फैक्टरी में चौकीदार की नौकरी दिलवाई थी।

# विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया




**पानीपत।** नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए पुलिस, टीचर्स, विद्यार्थी व बीके बहनें।

- नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने वीरवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से गांव हथवाला के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने की शपथ दिलवाई।

# फैला उजियारा ने निकाली तिरंगा यात्रा

- तिरंगा हमारा मान है, हमारा सम्मान है, हमारा स्वाभिमान है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा वीरवार को जिले के गांव बांध में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल विभिन्न वर्गों की महिलाओं और पुरुषों को संबोधित करते हुए फ़ैला उजियारा फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि यह हम सब के लिए गौरव का क्षण है। देश की सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब किया है इसके लिए पूरा देश उन्हें सैल्यूट करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी हम सभी एक हैं। वहीं, तिरंगा हमारा मान है, हमारा सम्मान है, हमारा स्वाभिमान है। इस मौके पर महिंद्रा,सुमन, पुष्पा, अनीता, निर्मला, नेहा, शकुंतला, निधि, सुमित्रा, सावित्री जगदीश महेंद्र होशियार सतबीर दिलबाग आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** गांव बांध में तिरंगा यात्रा निकालते हुए फ़ैला उजियारा अध्यक्ष रंजीता कौशिक व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# गलियों में पशु बांधने वालों पर होगा जुर्माना

- गांवों के सरपंच व ग्राम सचिव समन्वय स्थापित कर ग्रामीण अंचल में विकास को गति दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय के प्रथम तक पर स्थित सभागार में सनौली खंड के सरपंचों, ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करके गांव के विकास को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जो ग्रामीण गलियों में पशुओं को बांधते हैं व ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ा करते हैं पहले उन्हें सूचित करें न मानने पर जुर्माना लगाए व जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। सरपंच गांव में जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को चेक कर सकता है। उपायुक्त ने सरपंचों की समस्याओं को भी सुना व उन्हें दूर करने का आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी समय में बारिश का मौसम नजदीक है, सभी नाले व गालियों की सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमे अभी से पौधरोपण के लिए भी जगह का चयन करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि गांव को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए जोरदार प्रयास करने की आवश्यकता है। इस मौके पर सीईओ डॉक्टर किरण सिंह, डिप्टी सीईओ कंचन लता विभिन्न गांव के सरपंच व ग्राम सचिव मौजूद रहे।




**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# एलएनटी कॉलेज की मेधावी छात्राएं पुरस्कृत



**समालखा।** चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी द्वारा बीपीएड प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गांव मच्छरौली स्थित एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन की अन्नु ने 700 में से 581 यानि 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान, नैंसी ने 700 में से 574 अंक 82 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा राखी और आशु ने 700 में से 567 अंक 81 प्रतिशत प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया प्राप्त किया। यह जानकारी मैनेजर सत्यनारायण ने दी। सभी छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर लोकेश कुमार शर्मा व कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर बधाई दी और भगवान से इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रोफेसर राजेश भारद्वाज, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. दर्शन धीमान, प्रदीप, सोनिया बंसल, वरुण तिवारी, गोविंद व कमल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

**पानीपत।** न्यू डाइट सिस्टम पर आधारित हेल्थ कैंप का आयोजन ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर पानीपत में किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शुद्ध आहार, सात्विक जीवनशैली, ध्यान, प्राकृतिक उपचार और उपवास के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना था। ईश्वरीय खजाना टीम की और से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विशेषज्ञ बीके विशाल, बीके शालू, लता नरूला एवं ज्ञान मानसरोवर के निदेशक बीके भारत भूषण रहे। यह कैंप ईश्वरीय यूनिवर्सिटी की शिक्षा शाखा के अनुसंधान सहयोग से आयोजित किया गया।

# खानपान बदलने से भी शरीर रोग मुक्त होता है: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति ने सुखदेव नगर पार्क में पांच दिवसीय योग शिविर में योग के साथ-साथ खानपान और घरेलू नुक्से से कैसे फिट रह सकते हैं यह जानकारी भी दी गई।

जिला प्रधान किसान सेवा समिति रामपाल शर्मा ने बताया की इसी प्रकार से प्रत्येक गली मोहल्ले एवं गांव में योग शिविर लगाये जा रहे हैं। वहीं बलवान सिंह ने बताया की इससे पहले देवी मंदिर में योग शिविर लगाया गया था और सुखदेव नगर में योग का चौथा दिन है। सबको योग कराया प्राणायाम कराया व उनके लाभ बताएं गए। इस अवसर पर रामपाल शर्मा, सुभाष,नारायण, प्रधान सुखदेव नगर पार्क विजय कुमार सिंगला, सुनीता खुराना, मधु, रीना, रमेश कपूर, सुरेश कुमार, बलवान शर्मा,बलवान सिंह आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** सुखदेव नगर पार्क में योगाभ्यास करते हुए नागरिक। फोटो :हरिभूमि

## कॉलेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से दाखिले होंगे

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित पानीपत जिला में कॉलेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दाखिले होंगे। प्राचार्य डॉक्टर सुमन लता ने बताया कि विद्यार्थियों को परेशानी ना हो इसको लेकर कॉलेज में हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जहां कोर्स बारे बताने के साथ विद्यार्थियों की काउंसलिंग भी जा सकेगी। नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) कई लाभ प्रदान करती है, जिसमें छात्रों के समग्र विकास, लचीला पाठ्यक्रम और कौशल विकास शामिल हैं। यह छात्रों को विभिन्न विषयों को चुनने और बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# 25 दंपतियों को चेक बांटे

- यह योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निग की मेयर कोमल सैनी ने वीरवार को अंत्योदय भवन में मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतर्जातीय विवाह शगुन योजना के तहत 25 जोड़ों को चेक वितरित किए। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों से अपील की कि सरकार द्वारा दी गई इस सहायतार्थ दी गई राशि को बच्चों की शिक्षा पर लगाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से यह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।



**पानीपत।** मेयर कोमल सैनी के साथ अंतर जातीय विवाह करने वाले दंपति।

## अधिकारियों का कर्तव्य है जनसेवा

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनहित है। समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत की जा रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। अधिकारियों को इसमें और तीव्रता से कार्य करने की आवश्यकता है। जनता समाधान शिविर में जो लोग अपनीसमस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं उनका प्रशासन के प्रति अटूट विश्वास है। इस पर हमें हर हाल में खरा उतरना है। आम नागरिक की समस्याओं को अपना मानकर उसका समाधान करना है।

# ज्ञानानंद के जन्म दिन पर यज्ञ किया

- श्रीमद्भागवत गीता के सार को अपने जीवन में सदा पालन करने का भाव रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता सेवा समिति द्वारा स्थानीय सुखदेव नगर स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में हवन यज्ञ एवं गीता पाठ करके, गीता मनीषी, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद का जन्मदिवस सेवा सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। वहीं, यज्ञ के दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की प्रार्थना की गई तथा श्रीमद्भागवत गीता के सार को अपने जीवन में सदा पालन करने का भाव रखा गया। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्य तथा मंदिर सेवा प्रमुख विपिन सरदाना, गीता यूनिवर्सिटी से अंकुश बंसल, अनिल मदान, सुनील ग्रोवर, अर्जुन देव नारंग, पंकज सिंगला,प्रीतम गुर्जर, राज जांब, कंवर रविंद्र सैनी आदि भक्तजन उपस्थित रहे।



**पानीपत।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के जन्मदिन पर यज्ञ करते हुए कंवर रविंद्र सैनी आदि। फोटो : हरिभूमि

## कर्नल सोफिया पर मंत्री का बयान निंदनीय

**पानीपत।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति मध्य प्रदेश के जनजातीय मामलों के मंत्री विजय शाह द्वारा वरिष्ठ सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा करता है। कर्नल सोफिया का परिवार सेना में लगातार तीन पीढ़ियों से देश की सेवा कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के एक प्रमुख चेहरे के खिलाफ शाह का बेहद पक्षपातपूर्ण बयान न केवल शर्मनाक है बल्कि सेना और महिलाओं दोनों का अपमान भी है। यह बात जनवादी महिला समिति की अध्यक्ष पायल ने कही।

## बच्चों ने अद्भुत काव्य नृत्य कर हर किसी को मंत्रमुग्ध किया

# दुनिया की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति है आयुर्वेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

आयुर्वेद हमें सिखाता और बताता है कि हमें किस ऋतु में क्या खाना चाहिए। गुरुकुल पद्धति क्या होती है, सनातन संस्कृति क्या है, ईश्वर स्तुति कैसे करनी चाहिए, इस तरह के विषयों पर बच्चों ने अद्भुत काव्य नृत्य कर हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में पाइट हुडा स्कूल के बच्चों ने परंपरा संध्या के माध्यम से भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया। पूरे प्रांगण को अति सुंदर रंगोली व फूलों द्वारा सजाया गया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, प्रिंसिपल वैशाली अरोड़ा, रेखा बजाज, कल्पना लाठर, ऋषभ चुघ ने दीप प्रज्वलित कर परंपरा संध्या का शुभारंभ किया।

इसके पश्चात एक मनमोहक बैंड प्रस्तुति दी गई। दिल्ली से आई टीम ने सैंड शो प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं, राकेश तायल ने कहा कि परंपरा के माध्यम से भावी पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल वैशाली अरोड़ा, दिव्या नंदवानी, विजेता, प्रभात, ज्योति, मोहित, सुरभि, गरिमा, अनमोल आदि उपस्थित रहे।



**समालखा।** सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने खंगाला रिकॉर्ड

**अंबाला।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने वीरवार को अंबाला शहर के दमकल विभाग कार्यालय में दबिश देकर रिकॉर्ड की जांच की। जांच टीम ने कर्मचारी व अन्य गाड़ियों का रिकॉर्ड भी खंगाला। इसके बाद टीम ने उपकरणों की उपलब्धता जांची। इसके साथ ही आग बुझाने वाले यंत्र को चला कर भी देखा। दो गाड़ियों में इस दौरान आग बुझाने वाले सिलेंडर में कमी पाई गई । टीम में इंस्पेक्टर राजेश एएसआई सुखविंदर असी परविंदर और हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह ने बताया कि विभाग में खामियों को लेकर शिकायतें मिली थी।इनकी जांच के लिए ही यहां रिकॉर्ड को चेक किया गया है। जांच के दौरान कुछ खामियां मिली हैं। उनका आंकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी। उच्चाधिकारियों की ओर से ही मामले में अंतिम कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर 10 से 12 बजे तक जिला व उपमण्डल स्तर पर आयोजित किये जा रहे है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते है। समाधान शिविर में सात समस्याएं आई।

### पेयजल समस्याओं का होगा समाधान

**नारायणगढ़।** जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने बताया कि गर्मी के मौसम के मध्यनजर जन स्वास्थय विभाग पानी की सभी शिकायतों को बारीकी से देखता है। इससे कि लोगों की पेयजल से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके। जन स्वास्थ्य विभाग की सभी ऑनलाइन शिकायत केंद्र जैसे की सीपी ग्राम, सीएम विंडो, जन संवाद, एसएनके, ऑनलाइन हल करता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की ज्यादा खपत होने के कारण अस्थाई समस्याएं आती है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हर तरह से शिकायत को दूर करने के लिए वचनबद्ध है।

### पुलिस ने पीओ को किया गिरफ्तार

**बराड़ा।** चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी युवराज उर्फ मिंटू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवराज के खिलाफ 27 जून 2022 को दर्ज हुआ था। इस मामले में पेश न होने पर अदालत ने आरोपी को 28 मार्च 2025 को पी.ओ. घोषित कर दिया था। पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ा और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अंबाला।** जिरकपुर में चंडीगढ़ रोडवेज के चालक व परिचालक हुए हमले के बाद रोडवेज कर्मचारी अंबाला डिपो एकजुट हो गए। अब कर्मचारी हमलावरों पर कार्रवाई में मांग कर रहे हैं। इस दौरान अंबाला बस अड्डे पर कर्मचारियों ने हाथ ऊपर कर रोष जताया। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें दिखाई दे रहा है कि पगड़ीधारी व्यक्ति रोडवेज परिचालक व चालक से मारपीट कर रहे हैं। एक हमलावर ने हाथ में तलवार तक पकड़ी हुई है। परिचालक को जबरन खींचकर नीचे उतारने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि उस समय तो लोगों ने बीचबचाव कर मामले को शांत करवाया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पता चला है कि चंडीगढ़ रोडवेज डिपो की बस सवारियां लेकर जीरकपुर पहुंची थी।

# अब अंबाला छावनी में नहीं आएगी बाढ़, बचाव के लिए बनेगी दीवार

## छह फीट ऊंची दीवार बनाने के लिए 16.35 करोड़ रुपये मंजूर, दो नए पंप भी लगाए

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अगले कुछ दिनों में दीवार बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। अधिकारियों से बातचीत करते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी के इंडस्टयल एरिया को बाढ़ के पानी से बचाव के लिए अब चारों ओर दो किलोमीटर लंबी दीवार का निर्माण होगा। यह कंकरीट की दीवार सड़क से छह फुट उंची होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 16.35 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। अगले कुछ दिनों में दीवार बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस योजना की विस्तार से जानकारी दी। वीरवार को वे अंबाला कैंट में अपने आवास पर एचएसआईआईडीसी (हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया को बाढ़ के पानी से बचाव के लिए कुल दो किलोमीटर लंबी चारदिवारी बनाई जाएगी। इंडस्ट्रिय एरिया में पानी निकालने के लिए दो अतिरिक्त पंप सेट भी लगाए गए हैं जबकि पहले भी दो पंप सेट लगे हुए है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में अंबाला छावनी टांगरी नदी किनारे के क्षेत्रों में बाढ़ आ गई थी। इस वजह से कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ था। भविष्य में यहां बाढ़ से नुकसान न हो इसीलिए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इंडस्ट्रियल एरिया की चारदिवारी बनाने के निर्देश दिए थे।

विज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ टांगरी नदी के तल को गहरा करने के कार्य को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को बरसातों से पहले तेजी से इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी का तल गहरा होने से बरसात के दिनों में नदी का पानी तटबंध के बाहर मार नहीं करेगा। उन्होंने महेशनगर ड्रेन को विभाग द्वारा पक्का करने के कार्य की समीक्षा भी की। गुडगुडिया नाले को एलएनबाई लाइन के निकट चौड़ा करने के दिशा-निर्देश भी दिए ताकि पानी निकासी बेहतर हो सके। उन्होंने ब्राह्मण माजरा व शाहपुर में टांगरी नदी पर कॉज-वे का निर्माण पूरा करने तथा घसीटपुर में कॉज-वे की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों से सुभाष पार्क में बच्चों के झूलों की मरम्मत करने तथा जरूरत पड़ने पर नए झूले लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, ओपन जिम में भी मरम्मत के निर्देश दिए गए तथा उन्होंने मुख्य बाजारों व अन्य स्थानों पर सफाई व्यवथा को बेहतर करने व अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने जन समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी की महिला ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि उसके बेटे की हत्या मामले में पुलिस अब तक ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है जिस पर डीएसपी कैंट को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार महिला ने बिजली कनेक्शन नहीं देने, कच्चा बाजार की महिला ने उसके बेटे के लापता होने की शिकायत एवं अन्य कई शिकायतें सुनी। अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एचएसआईआईडीसी के डीजीएम अजय बंसल, सीनियर मैनेजर बलदेव, सिंचाई विभाग के एसई मुनीष भारद्वाज, एक्सईएन कृष्ण भुक्कल, ईओ देवेंद्र कुमार, डीएसपी कैंट रमेश कुमार, बिजली निगम के एक्सईएन के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


अंबाला। कार्यशाला के दौरान बैक्टीरियल कल्चर का निर्माण करते सोसायटी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# फसलों-नस्लों को बचाने के लिए अपनानी होगी प्राकृतिक खेती

- डीएवी कॉलेज कार्यशाला का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज व सॉयल केयर सोसायटी के मध्य वीरवार को एमओयू साइन हुआ है। साथ ही दोनों के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज में गो-कृपा अमृतम (बैक्टीरियल कल्चर) के निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्राकृतिक कृषि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने कहा कि किसान फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए विभिन्न रसायनों का छिड़काव कर रहे हैं। जिसके कारण से जमीन की मौलिकता नष्ट हो रही है। अनेकों बीमारियां हमें रोगी बना रही हैं इसलिए अब समाज का रूझान प्राकृतिक खेती की ओर बढता जा रहा है। सोसायटी की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को सोसाइटी के उप प्रधान डॉ. सुभाष शर्मा ने कॉलेज के बागवानी कर्मचारियों को गो- कृपा अमृतम (बैक्टीरियल कल्चर) के निर्माण का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि बैक्टीरियल कल्चर बनाने में बहुत ही कम खर्च होता है। एक लीटर बैक्टीरियल कल्चर से दो सौ लीटर बैक्टीरियल कल्चर केवल आठ से दस दिन में ही बना सकते हैं। इस कार्यशाला में सोसायटी के प्रधान डॉ. चांद सिंह ने कहा कि यदि हमें अपनी आने वाली पीढियों को स्वस्थ व निरोगी रखना है तो हमें प्राकृतिक खेती को अपनाना ही होगा। सोसासटी के कोषाध्यक्ष डॉ. जसमेर सिंह ने कहा कि जैविक खेती के माध्यम से ही हम मिट्टी को स्वस्थ बना सकते हैं। कार्यक्रम में सोसाइटी की गवर्निंग बॉडी के सदस्य डॉ. विजेंद्र एवं डॉ. नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कॉलेज के बागवानी विभाग के कर्मचारी राम केवल, सुखदेव, राम कृपाल एवं राम चरण एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# पूर्व राज्य मंत्री गोयल ने अपने निवास पर सुनीं जन समस्याएं

- असीम गोयल ने अफसरों को समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने निवास स्थान पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए। इस दौरान अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पूर्व मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। सुनवाई के दौरान लोग विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर पूर्व मंत्री के पास पहुंचे। गोयल ने अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर दिशा-निर्देश दिए और समस्याओं का तुरंत समाधान करवाया।

इस मौके पर जलापूर्ति से संबंधित समस्या सामने आई तो इस पर पूर्व मंत्री ने संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द जलापूर्ति की समस्या को दूर किया जाए। गोयल ने कहा कि जनसेवा ही सरकार व उनका मुख्य उद्देश्य है ।

उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी प्रकार लोगों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने का कार्य नियमित रूप से जारी रहेगा।


अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

# साइबर अपराध के प्रति छात्रों को किया जागरूक

- डीएवी पब्लिक स्कूल में साइबर धोखाधड़ी तथा एंटी टीजिंग पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक साइबर धोखाधड़ी तथा एंटी टीजिंग पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय लोगों में साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों में जागरूकता लाना और कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ साइबर अपराध बारे बच्चों को अवगत करवाया।

इस कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल डॉ. राधा रमन सूरी, बबित कौशल साइबर एक्सपर्ट, करन वालंटियर कलाधारा एनजीओ तथा अरविंद कुमार पारालीगल वालंटियर अधिकार मित्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मौजूद रहे। सबसे पहले स्कूल के बच्चों द्वारा साइबर अपराध तथा एंटी टीजिंग पर स्क्रिप्ट दिखाई गयी। इसके बाद करन वालंटियर कलाधारा एनजीओ और उसकी टीम की तरफ से एक नुकड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके बाद साइबर एक्सपर्ट बबित कौशल ने साइबर धोखाधड़ी पर जानकारी दी और साथ ही इससे बचने के उपाए भी बताए। बताया की कैसे इंटरनेट के जरिए लोगों को ठगा जा रहा है। पारालीगल वालंटियर अधिकार मित्र अरविंद कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों को कानूनी सहायता के बारे में भी अवगत करवाया और हमेशा ऐसे अपराधों से बचने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। कानूनी सहायता से यह सुनिश्चित होता है कि हर नागरिक को न्याय और निष्पक्ष सुनवाई तक समान पहुंच मिले कानूनी जागरूकता के लिए किए जाने वाले प्रयासों का महत्व इस वजह से है कि इससे समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी मिलती है।

अरविन्द कुमार ने बताया कानूनी सहायता के जरिए समाज के कमजोर वर्गों को बिना पैसे या बहुत कम पैसे में कानूनी सेवाएं मिलती हैं कानूनी सहायता से लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा होती है। डीएलएसए का प्राथमिक कार्य उन व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करना है जो कानूनी प्रतिनिधित्व का खर्च नहीं उठा सकते। यह सहायता दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक और श्रम मामलों सहित कई तरह के मुद्दों को कवर करती है। इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया।


अंबाला। मुख्यअतिथि को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# आदर्श स्कूल ने वॉलीबाल प्रतियोगिता जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड विद्यालय में 'इंटर स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के प्रमुख आठ विद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का अद्भुत परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी सुरेश कुमार, समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र बंसल तथा प्रमोद जैन उपाध्यक्ष, श्री गोविंद गोशाला उपस्थित रहे।

निर्णायक मंडल में खेल प्रशिक्षक सुरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह एवं उदय सिंह ने अपनी भूमिका सफलतापूर्वक निभाई। प्रतियोगिता में शैमफॉर्ड स्कूल , एमएम इंटरनेशनल स्कूल मुलाना, मैवरिक इंटरनेशनल स्कूल मुलाना, जय पब्लिक स्कूल , संत मोहन सिंह स्कूल , तनेजा पब्लिक स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल एवं ब्राइट फ्यूचर स्कूल की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत कर उन्हें पौधरोपण स्वरूप भेंट देकर की गई। प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने उद्घाटन भाषण में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए खेल को जीवन का आवश्यक हिस्सा बताया और सदैव अनुशासित रहने की प्रेरणा दी। फाइनल मुकाबले में तीन सेटों का रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। पहला सेट आदर्श पब्लिक स्कूल ने, दूसरा एमएम इंटरनेशनल स्कूल ने तथा निर्णायक तीसरा सेट कड़ी टक्कर के बाद आदर्श पब्लिक स्कूल ने जीतकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमएम इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय तथा तनेजा पब्लिक स्कूल तृतीय रहा। विजेता टीमों को डीएसपी सुरेश कुमार द्वारा ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर खेल शिक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ उनमें नेतृत्व, सहयोग और अनुशासन की भावना को भी प्रबल करती हैं।


अंबाला। विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

# एसए जैन स्कूल की 6600 वर्गगज जमीन की आईडी नहीं बदली, जांच में क्षेत्र में मिला बदलाव

- जांच के दौरान मेयर को संयुक्त आयुक्त ने दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम की मेयर सैलजा सचदेवा ने नगर निगम की भवन शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की संयुक्त आयुक्त से एसए जैन स्कूल के 6600 गज जमीन से जुड़े विवाद की चल रही जांच के बारे में भी जानकारी ली। निगम संयुक्त आयुक्त अदिति ने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी शिकायत में तीन निगम कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस दिए थे। उनके जवाब आ गए हैं। जिन प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी शिकायत आई है। उन आईडी में शपथ-पत्र, बांड और रजिस्ट्री भी लगी है। यह कागज तो पूरे लगे हैं, लेकिन उन कागज को भी चेक किया जा रहा है, हालांकि प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि आईडी नहीं बदली गई, बल्कि एरिया बदला गया है। यह किसकी आईडी से हुआ, यह चेक किया जा रहा है। यह भी देखा जा रहा है नियमों का उल्लंघन हुआ है। संयुक्त आयुक्त ने मेयर को बताया कि वह अपनी जांच आयुक्त को सौंपेंगी। आयुक्त ही एक्शन लेंगे।

### जमीन से जुड़ा है प्रकरण

एसए जैन स्कूल की 6600 गज जमीन की नियमों को ताक पर रखकर बिक्री करने के आरोप लगे हैं। इस संबंध में दो शिकायतें नगर निगम मेयर से भी की गई हैं। जिसमें संपत्ति आईडी बनाने पर सवाल उठाया है। इसी की मेयर जांच करा रही हैं। मेयर ने बिल्डिंग ब्रांच में अधिकारियों से कुछ सवालों पर जवाब मांगे है। उन्होंने पूछा है कि एक जनवरी 2025 से लेकर अभी तक कितने रिहायशी एवं वाणिज्यिक नक्शे पास किए गए हैं। प्रत्येक नक्शे का आवेदन संख्या, स्वीकृति तिथि, स्थान, स्वीकृत क्षेत्रफल, प्रयोजन रिहायशी, वाणिज्यिक एवं स्वीकृत शुल्क सहित विवरण उपलब्ध करवाया जाए। कितने अवैध अनअथॉराइज्ड निर्माण हुए हैं।

## हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ

# बच्चों को मिलेगा समृद्ध लोक कला का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाओं के अंतर्गत हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला एवं जिला बाल कल्याण परिषद, बाल भवन, अंबाला के संयुक्त तत्वावधान में लघु बाल भवन अंबाला छावनी में 30 मई, 2025 तक आयोजित की जाएगी।

जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि इस कार्यशाला में बच्चों को हरियाणवी लोक नृत्य का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण हेतु लोक नृत्य प्रशिक्षक बुधराम जो हरियाणा की नृत्य कला से लंबे समय से जुड़े हुए हैं अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ सहायक प्रशिक्षक रूप में सोहनलाल बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में बाल भवन की गतिविधियों से जुड़े बच्चे, एक नायाब कदम संस्था, कौशल विकास केंद्र एवं ओपन शेल्टर होम के बच्चे भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोडने का प्रयास किया जा रहा। जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा 15 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक अंबाला छावनी व अंबाला शहर में ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को नृत्य, गायन, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्केटिंग, मार्शल आर्ट, ड्राइंग, योग, ड्रामा-थिएटर आदि का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस देश अथवा प्रदेश की संस्कृति जीवंत होती है, वहां उन्नति के अधिक अवसर होते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ लोक कलाओं व सांस्कृतिक प्रतिभाओं को निखारना आवश्यक है।


अंबाला। कार्यशाला के शुभारंभ पर प्रशिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

# एडवांस रोबोटिक गायनोकॉलोजी सर्जरी अब पार्क अस्पताल मोहाली में



**चंडीगढ़।** एडवांस रोबोटिक गायनोकॉलोजी सर्जरी अब पार्क अस्पताल, मोहाली में उपलब्ध है। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्क अस्पताल, मोहाली में रोबोटिक गायनोकॉलोजी सर्जरी डायरेक्टर डॉ. प्रीति जिंदल ने बताया, "यह मिनिमल इनवेसिव सर्जरी के लिए अगला फ्रंटियर और सर्जिकल प्रोसीजर के विजुअलाइजेशन, सटीकता, नियंत्रण और निपुणता को बढ़ाता है, जिससे सर्जनों को जटिल सर्जरी को ऐसे तरीके से करने में मदद मिलती है, जैसा पहले कभी अनुभव नहीं किया गया।" पार्क हॉस्पिटल्स 19 अस्पताल, 3500 बेड, 800 आईसीयू बेड, 14 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ओटी और 1000 से ज़्यादा डॉक्टर के साथ उत्तर भारत का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नेटवर्क है।जनरल सर्जरी सीनियर कंसल्टेंट व मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विमल विभाकर ने कहा, "रोगी के नजरिए से, रोबोटिक सर्जरी के फायदों में बेहतर नतीजों के साथ सटीक सर्जिकल प्रोसीजर और कम ब्लड लॉस शामिल है। इसके अलावा, सर्जरी के बाद संक्रमण का जोखिम भी कम होता है, जिससे अस्पताल में रहने की अवधि कम होती है। ऑपरेशन के बाद दर्द कम होता है। कम चीरों की वजह से निशान कम होते हैं। अगर आप जल्दी ठीक होना चाहते हैं, तो रोबोटिक सर्जरी सबसे अच्छा विकल्प है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005